दिन– शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 04 ⁄ 07 ⁄ 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। कहा– उनके पूर्वज केवल प्रवासी नहीं थे, बल्कि एक शाश्वत सभ्यता के संदेशवाहक थे।

02 प्रदेश में चल रहे विशेष सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता आज से ऑनलाईन गणना फॉर्म जमा कर सकते हैं।

03. राजगीर में उनतीस अगस्त से होने वाले एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप में पाकिस्तान की टीम भी भाग लेगी।

04. और, प्रदेश की नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी। पटना, बक्सर और मुंगेर में गंगा नदी के जलस्तर में हो रही है बढ़ोतरी।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इक्कीसवीं सदी में बिहार की धरती से नई प्रेरणाएं और अवसर निकलेंगे। त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनके पूर्वज केवल प्रवासी नहीं थे, बल्कि एक शाश्वत सभ्यता के संदेशवाहक थे।

———बाईट———

————————————————————

प्रदेश में चल रहे मतदाता विशेष सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज से मतदाता ऑनलाईन गणना फॉर्म जमा कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने इसके लिए लिंक जारी कर दिया है। आयोग के अनुसार वेबसाईट पर दो हजार तीन की मतदाता सूची के साथ–साथ वर्तमान मतदाताओं के आंशिक भरे गणना प्रपत्र उपलब्ध करा दिये गये हैं। कार्यक्रम के लिए बूथ लेवल ऑफिसर, बीएलओ को आठ करोड़ गणना फॉर्म उपलब्ध कराये गये हैं। छब्बीस जुलाई तक चलने वाले इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बीएलओ मतदाताओं को घर–घर जाकर गणना फॉर्म उपलब्ध करायेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार दस बीएलओ पर एक सुपरवाईजर की तैनाती की गयी है। बीएलओ ऑनलाईन गणना फॉर्म भरने वाले मतदाताओं का भी घर पर जाकर सत्यापन करेंगे। आयोग ने कहा है कि लम्बे समय से मतदान केन्द्र क्षेत्र में निवास नहीं करने और पच्चीस जुलाई तक गणना फॉर्म नहीं भरने वाले लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाये

जायेंगे। गौरतलब है कि राज्य में अब तक एक करोड़ से अधिक गणना फॉर्म भरे जा चुके हैं।

———————————————————————

प्रदेश में मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगे। बीएलओ शिक्षकों के लिए स्कूल आना अनिवार्य नहीं है। पटना जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पूनम कुमारी ने बताया कि बीएलओ शिक्षक ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर मार्क ऑन ड्यूटी दिखा कर पुनरीक्षण कार्य कर सकते हैं। गौरतलब है पटना जिले में इस कार्यक्रम के तहत लगभग तीन हजार शिक्षक बीएलओ के रूप में कार्य कर रहे हैं।

———————————————————————

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा कहा है कि प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में शून्य पोल बहिष्कार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भागलपुर और मुंगेर प्रमंडल अधिकारियों के साथ पटना में आयोजित बैठक में उन्होंने यह बात कही। श्री मीणा ने जिलों में वाहनों की चेकिंग अलग–अलग समय पर शुरू करने के साथ बॉर्डर चेकपोस्ट पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिये। साथ ही मुख्य सचिव ने जिलों में आर्म्स होल्डर के घर जाकर सत्यापन करने के भी निर्देश दिये हैं। वहीं, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कुख्यात अपराधियों और भगोड़ें समेत सभी अपराधियों की सूची बनाने का निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आज पटना में बैठक होगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में प्रदेश इकाईयों के प्रमुख भी शामिल होंगे। पार्टी के राष्ट्रीय महा सचिव भोला यादव ने बताया कि इस दौरान कल होने वाली राष्ट्रीय परिषद की बैठक और खुला अधिवेशन की कार्यसूची पर चर्चा होगी।

———————————————————————

प्रदेश के सभी चौक–चौराहों पर श्रमिकों के लिए शेड का निर्माण किया जायेगा। श्रम संसाधन विभाग ने श्रमिकों की परेशानियों को देखते हुये यह निर्णय लिया है। विभाग के अनुसार दिहाड़ी मजदूर आस–पास के गांवों से प्रतिदिन शहरों में आते हैं, इस दौरान उनके पास बैठने की कोई माकूल व्यवस्था नहीं होती है। शेड निर्माण के बाद श्रमिकों को धूप, वर्षा जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में सुविधा होगी।

———————————————————————

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मदरसा सुदृढीकरण योजना के तहत मधुबनी और सहरसा में तीन मदरसों के निर्माण के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। विभागीय

सचिव मोहम्मद सोहेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। श्री सोहेल ने बताया कि मदरसों के भवन निर्माण, छात्रावास, प्रयोगशाला, पुस्तकालय और सौर ऊर्जा जैसी सुविधाओं के विकास संबंधी प्रस्ताव पर विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है।

———————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने टेलीविजन रेटिंग एजेंसियों के लिए वर्ष दो हजार चौदह में जारी नीति दिशा–निर्देशों में संशोधन का प्रस्ताव किया है। प्रस्तावित मसौदे में मीडिया घरानों के लिए कुछ प्रतिबंधात्मक प्रावधानों को हटा दिया गया है, ताकि देश में टेलीविजन दर्शकों की माप प्रणाली को लोकतांत्रिक और आधुनिक बनाया जा सके। वर्तमान में टीवी रेटिंग प्रदान करने वाली एक मात्र एजेंसी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल – बार्क है। प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य टीवी रेटिंग के क्षेत्र में कई एजेंसियों के माध्यम से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने, नई तकनीक लाने और विशेष रूप से कनेक्टेड टीवी प्लेटफ़ॉर्म के लिए अधिक विश्वसनीय और प्रतिनिधि डेटा प्रदान करने की अनुमति देना है। मंत्रालय ने ड्राफ्ट जारी होने के तीस दिन के भीतर हितधारकों और आम जनता से सुझाव आमंत्रित किये गये हैं।

———————————————————————

आधार धारकों ने जून माह में लगभग दो सौ तीस करोड़ आधार प्रमाणित लेन–देन किए हैं। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में सात दशमलव आठ प्रतिशत अधिक है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि यह वृद्धि आधार के व्यापक उपयोग और देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास को दर्शाती है। इस वर्ष जून में रिकॉर्ड पन्द्रह करोड़ से अधिक चेहरा प्रमाणीकरण लेन–देन दर्ज किए गए।

———————————————————————

महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज झारखंड के रांची में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन करेंगी। यह नया केंद्र देश के पूर्वी क्षेत्र में क्षमता निर्माण प्रयासों को विकेंद्रीकृत करने और सेवा वितरण में सुधार लाने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। यह विशेष रूप से झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल पर केंद्रित मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 जैसी कई पहलों की प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करेगा। यह स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार हस्तक्षेप करने और केंद्रीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

————————————————————————

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार इस दौरान कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी है।

———बाईट———

————————————————————————

प्रदेश की नदियों के जलस्तर में उतार—चढ़ाव की स्थिति देखी जा रही है। केन्द्रीय जल आयोग के रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गंगा नदी का जलस्तर पटना, बक्सर और मुंगेर में बढ़ा है। वहीं, भागलपुर और कहलगांव में नदी का जलस्तर स्थिर बना हुआ है। इधर, गोपलगंज के डुमरियाघाट में गंडक नदी के जलस्तर में कमी दर्ज की गयी है। पश्चिम चम्पारण के लालबकैया घाट और मुजफ्फरपुर के अहिरवालिया में बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर घटा है। महानंदा नदी के जलस्तर में किशनगंज के तैयबपुर में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। इस बीच, गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल पटना स्थित जे.पी. गंगा पथ से गायघाट तक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को नदी और इसके किनारे वाले क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया।

————————————————————————

रेलवे ने श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सत्रह जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि मेला अवधि के दौरान जयनगर—आसनसोल श्रावणी मेला एक्सप्रेस, रक्सौल—देवघर, दानापुर—साहेबगंज, आसनसोल—पटना और जमालपुर—देवघर एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जायेगी। साथ ही मेला अवधि के दौरान जसीडीह स्टेशन पर कुछ ट्रेनों को छोड़कर अन्य सभी ट्रेनों का न्यूनतम ठहराव बढ़ाकर पांच मिनट किया गया है। वहीं, सुलतानगंज स्टेशन पर चार जोड़ी ट्रेन का दो मिनट का ठहराव दिया गया है।

————————————————————————

नैनीताल के भीमताल स्थित मूसाताल में डूबने से बिहार के एक वायु सैनिक समेत दो जवानों की मौत हो गयी। पठानकोट में तैनात दोनों सैनिक अपने परिवार के साथ घूमने आये थे। स्थानीय पुलिस के अनुसार मृतकों में एक सैनिक की पहचान मुजफ्फरपुर के गनियारी गांव के साहिल कुमार के रूप में हुई है।

————————————————————————

अब खबरें खेल जगत से....

राजगीर में इस वर्ष उनतीस अगस्त से होने वाले एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप में पाकिस्तान की टीम भी भाग लेगी। भारत सरकार ने पाकिस्तान के हॉकी खिलाड़ियों को वीजा क्लीयरेंस देने की अनुमति दे दी है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से।

———बाईट———

बिहार में 29 अगस्त से आयोजित होने वाले एशिया कप हॉकी चौंपियनशिप में पाकिस्तान की टीम को भाग लेने की अनुमति मिल गई है । ऑपरेशन सिंदूर के बाद टकराव की स्थिति को देखते हुए पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर शंका की स्थिति उत्पन्न हुई थी । विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान के हॉकी खिलाड़ियों को वीजा क्लीयरेंस देने की अनुमति दे दी है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने बताया कि इस संबंध में हॉकी इंडिया की ओर से प्राधिकरण को आधिकारिक सूचना दी गई है । बिहार पहली बार पुरुष एशिया कप हॉकी की मेजबानी करने जा रहा है। इसमें भारत के अलावा दक्षिण कोरिया, पाकिस्तान, जापान जैसी हॉकी खेलने वाले एशिया के आठ प्रमुख देश में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता राजगीर स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में सात सितंबर तक आयोजित होगी । धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार, पटना।

———————————————————————

इंग्लैंड में आयोजित अन्डर नाईनटीन वन–डे सीरिज में भारत की ओर से बिहार के वैभव सूर्यवंशी सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में वैभव ने एक मैच में नौ छक्के लगाकर रिकॉर्ड बनाया है। वैभव सूर्यवंशी ने मैच में इकतीस गेंदों में छियासी रन बनाये। बारिश से बाधित मुकाबले में भारत ने मेजबान टीम को चार विकेट से हरा दिया।

———————————————————————

निगरानी विभाग की टीम ने खगड़िया के कार्यपालक विद्युत अभियंता गोपाल कुमार को पचहत्तर हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियंता विभाग में मजदूर के पद पर बहाली की एवज में रिश्वत ले रहा था।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुये पूरी तरह अलर्ट रहने को कहा।

दैनिक जागरण की मुख्य खबर है– चुनाव आयोग ने समझाई टाईमलाईन, चरणबद्ध होगा मतदाता गहन पुररीक्षण।

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़ी खबर पर दैनिक भास्कर लिखता है– सभी वोटरों के फॉर्म वेबसाईट पर अपलोड.. खुद भर सकेंगे।

प्रभात खबर का शीर्षक है– जस्टिस वर्मा को हटाने के प्रस्ताव पर दलों में सहमति।

आज अखबार सुर्खी है– पूर्णियां एयरपोर्ट से अगस्त में शुरू होंगी उड़ानें।

राष्ट्रीय सहारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखता है– ग्लोबल साउथ को आवाज दिये बिना प्रगति सम्भव नहीं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। कहा– उनके पूर्वज केवल प्रवासी नहीं थे, बल्कि एक शाश्वत सभ्यता के संदेशवाहक थे।

02 प्रदेश में चल रहे विशेष सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता आज से ऑनलाईन गणना फॉर्म जमा कर सकते हैं।

03. राजगीर में उनतीस अगस्त से होने वाले एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप में पाकिस्तान की टीम भी भाग लेगी।

04. और, प्रदेश की नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी। पटना, बक्सर और मुंगेर में गंगा नदी के जलस्तर में हो रही है बढ़ोतरी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।